भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 31 अगस्त, 2020

संख्या-5/1/2020-सी.पी.आई.

प्रेस विज्ञप्ति

अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) (2001=100)- जुलाई, 2020

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 78 महत्वपूर्ण औद्योगिक केन्द्रों के 289 बाजारों से एकत्रित चयनित खुदरा वस्तुओ के मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 78 औद्योगिक केन्द्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी हर महीने के अंतिम कार्यदिवस पर प्रसारित किया जाता है। जुलाई, 2020 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति में दिया जा रहा है।

जुलाई, 2020 का अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 4 अंक बढ़कर 336 (तीन सौ छत्तीस) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में जून एवं जुलाई, 2020 के बीच (+) 1.20 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (+) 0.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान मकान किराया समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 2.28 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। खाद्य सूचकांक ने कुल सूचकांक पर अतिरिक्त (+) 1.77 बिंदु प्रतिशत्ता का प्रभाव डाला। मदों में गेहूं आटा, सरसों का तेल, दूध (भैंस), हरी मिर्च, बैंगन, लौकी, पालक, परवल, आलू, टमाटर, नमकीन, रसोई गैस, जलावन की लकड़ी, बस किराया, पेट्रोल, सिलाई शुल्क, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, चावल, ताजी मछली, बकरे का मांस, पोल्ट्री (चिकन), नींबू, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

केन्द्र-स्तर पर जमशेदपुर के सूचकांक में अधिकतम 36 अंकों की वृद्धि रही जिसके बाद हल्दिया में 23 अंक, तिरूचिरापल्ली में 13 अंक, कोडरमा एवं फरीदाबाद प्रत्येक में 12 अंक, श्रीनगर में 11 अंक तथा लखनऊ एवं डुम-डुमा तिनसुकिया प्रत्येक में 10 अंक की वृद्धि पाई गई। अन्य 2 केन्द्रों में 8 अंक, 5 केन्द्रों में 7 अंक, 8 केन्द्रों में 6 अंक, 7 केन्द्रों में 5 अंक, 10 केन्द्रों में 4 अंक, 9 केन्द्रों में 3 अंक, अन्य 9 केन्द्रों में 2 अंक तथा अन्य दूसरे 9 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरीत, मदुरई में अधिकतम 5 अंक की कमी रही। अन्य 1 केन्द्र में 3 अंक, अन्य दूसरे 1 केन्द्र में 2 अंक तथा 2 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। शेष 6 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

31 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 45 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। छिंदवाड़ा एवं जालंधर केन्द्रों का सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहे।

जुलाई, 2020 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.06 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.98 प्रतिशत की तुलना में 5.33 प्रतिशत रही। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 5.49 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 4.78 प्रतिशत की तुलना में 6.38 प्रतिशत रही।

साल-दर-साल सी.पी.आई.-आई डब्ल्यू पर आधारित मुद्रास्फीति की दर
(सामान्य एवं खाद्य सूचकांक)



अखिल-भारत समूह-वार सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू

क्र. सं.	समूह	जुलाई, 2019	जून, 2020	जुलाई, 2020
I	खाद्य	329	346	350
II	पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ	390	404	406
III	ईंधन एवं प्रकाश	277	297	299
IV	आवास	434	450	465
V	कपड़े, बिछावन एवं जूते	225	229	229
VI	विविध	253	257	260
	सामान्य सूचकांक	**319**	**332**	**336**

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू : सामान्य एवं खाद्य सूचकांक



सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी अगस्त, 2020 माह के लिए दिन बुधवार, सितम्बर 30, 2020 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

31/8/2020

(श्याम सिंह नेगी)
उप महानिदेशक